6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण
महानगर वर्ष 58 | अंक 60 | पृष्ठ : 22+4 | मूल्य : सात रुपये

अमर उजाला

चैत्र नवरात्र आज से...मां शैलपुत्री ...अपना शहर
बरेली | बृहस्पतिवार, 19 मार्च 2026 चैत्र अमावस्या/चैत्र शुक्ल-प्रतिपदा • विक्रम

PAGE NO : 02 MIDDLE

■ **महोत्सव** : भोजीपुरा स्थित एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में दो दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ सुबह 9 बजे।

PAGE NO : 06 MIDDLE

वार्षिक खेल महोत्सव आमोद-2026 आज से

बरेली। एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव आमोद-2026 का आयोजन बृहस्पतिवार से कॉलेज परिसर में किया जाएगा। प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने बताया कि इस खेल महोत्सव में एसआरएमएस ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। महोत्सव के दौरान एथलेटिक्स स्पर्धाओं में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर और रिले दौड़ कराई जाएगी। लंबी कूद व ऊंची कूद जैसी जंप स्पर्धाएं व गोला फेंक और डिस्कस थ्रो जैसे थ्रो इवेंट्स भी आयोजित होंगे। इंडोर और आउटडोर खेलों में बैडमिंटन, बास्केटबॉल, फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, शतरंज और कैरम जैसी प्रतियोगिताएं भी शामिल रहेंगी। आयोजन संस्थान के अध्यक्ष देव मूर्ति के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। टायरो क्लब, संकाय सदस्य, स्टाफ और छात्र समन्वयकों के सहयोग से सभी प्रतियोगिताओं का संचालन किया जाएगा। संवाद

जानकारी देते प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता।